एक नजर में

निशुल्क कैंसर परीक्षण जांच उपचार शिविर

रतलाम। जिला चिकित्सालय रतलाम में निशुल्क कैंसर जांच उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भारत के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश पेंढ़ारकर, चिकित्सक डॉक्टर चंद्रमौली त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय के सर्जिकल स्पेशलिस्ट एवं कैंसर नोडल अधिकारी डॉ गोपाल यादव ने 22 मरीज का प्रशिक्षण एवं उपचार किया। शिविर के दौरान मध्य प्रदेश कैंसर सोसायटी के आजीवन सदस्य अशोक अग्रवाल, तथा सेवानिवृत्त शिक्षक बगदी राम मंदेल तथा सेवानिवृत प्राचार्य अशोक मेहता ने उपस्थित रहकर आवश्यक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध साहित्यकार डॉक्टर प्रदीप राव द्वारा किया गया।

बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर, टोपी वितरित

रतलाम। लायंस क्लब रतलाम अभिमा द्वारा महर्षि वेदव्यास स्कूल में ब्राह्मण बोर्डिंग पर बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर, टोपी तथा नाश्ता वितरित किया गया। शनिवार को स्वेटर वितरण की गतिविधि बहुत शानदार रही। जब हम बच्चों को स्वेटर दे रहे थे तब उनके चेहरे पर बहुत खुशी दिख रही थी और बहुत ही अनुशासित थे। बच्चों ने पाठ्य पुस्तक की कविताएं सुनाई। इसमें ला.सुनीता पाठक, सीमा सिरोलिया, उषा दुबे,ला.डीसी प्रथमा कौशिक, अन्नपूर्णा पोरवाल, शारदा शर्मा, मंजू जोशी सभी ने अपनी सेवाएं दी। उक्त जानकारी सुनीता पाठक ने दी।

राज्य स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का समापन

रतलाम। राज्य स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का समापन हो गया हैं। प्राचार्य डॉ. वाय. के. मिश्र ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दो दिवसीय राज्य स्तरीय खो खो (पुरुष) प्रतियोगिता सत्र 2025-26 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय कला विज्ञान महाविद्यालय रतलाम मध्य प्रदेश में नॉक आउट पद्धति से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी मैच समयसारणी के अनुसार आयोजित किए गए। पहला सेमीफाइनल मैच उज्जैन संभाग और रीवा संभाग के बीच खेला गया जिसमें उज्जैन संभाग विजेता रहा। दूसरा सेमीफाइनल भोपाल और इंदौर संभाग के बीच खेला गया जिसमें इंदौर संभाग विजेता रहा। फाइनल मैच उज्जैन संभाग और इंदौर के बीच हुआ जिसमें इंदौर संभाग विजेता रहा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल मजावदीया ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों से कहा कि लोक पारंपरिक खेलो में मालवा अंचल के खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि से मालवा अंचल की माटी को गौरव प्रदान किया। समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. वाय. के. मिश्र ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विजेता टीम को रनिंग ट्राफी प्रदान की गई। संभाग की विजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए सभी खिलाड़ियों को अगली प्रतियोगिता के लिए सतत अभ्यास करने की सलाह दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। टीम के कोच एवं महाविद्यालय क्रीडा अधिकारी रूपेंद्र फरस्वाण को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को महाविद्यालय में हर संभव सुविधा दी जाए। ताकि हमारे महाविद्यालय से अधिक से अधिक खिलाड़ी जिले राज्य स्तर राष्ट्रीय खेलों में भाग ले सके।प्रतियोगिता का समापन हर्ष उल्लास एवं सफलतापूर्वक हुआ, आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथि निर्णायको प्रशिक्षक खिलाड़ियों एवं मीडियाकर्मी सहयोगी संभाग एवं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले साथियों तथा महाविद्यालय के आयोजन समिति एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

अन्न क्षेत्र में निराश्रितों को भोजन कराया

रतलाम। परम पूज्य डोंगरेजी महाराज द्वारा स्थापित श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित अन्न क्षेत्र में प्रतिदिन अलग-अलग परिवारों द्वारा निराश्रितों को भोजन कराया जाता है। शनिवार को लाभार्थी परिवार द्वारा त्रिवेणी तट पर स्थित डोंगरे जी महाराज की प्रतिमा का पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर निराश्रितों को भोजन परोस कर आयोजन की शुरुआत की गई। त्रिवेणी तट पर विगत 41 वर्ष से श्री डोंगरे महाराज की स्मृति में अन्न क्षेत्र संचालित किया जा रहा है। जहां पर दरिद्र नारायण की सेवा भोजन द्वारा की जाती है। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शमाज् एवं नवनीत सोनी ने बताया कि भोजन से पहले निराश्रितों द्वारा करीब 30 मिनट तक भजन कीर्तन किया जाता है तत्पश्चात भोजन प्रसादी ग्रहण की जाती है।

जावरा लीनेस ने जिते 15 अवार्ड

जावरा। इन्दौर में लीनेस डीस्टीक द्वारा आयोजित कल्प शक्ति सम्मान समारोह में जावरा लीनेस क्लब ने 15 अवार्ड जीत कर बाजी मारी। लीनेस डिस्ट्रिक्ट कृष्णिका एमपी वन द्वारा आयोजित कल्प शक्ति सम्मान समारोह जाल सभागार मे सम्पन्न हुआ। यह सम्मान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट कल्पना बंडी के नेतृत्व मे संपन्न हुआ। जिसमे लीनेस क्लब जावरा को 15 अवार्ड प्राप्त हुए। अति श्रेष्ठ अध्यक्ष पुष्पा गुप्ता, सचिव रेखा रावल कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, श्रेष्ठएरिया ऑफिसर कविता चौहान, बैनरप्रसेन्टेसन सदस्यता की वृद्धि मे भी प्रथम का अवार्ड प्राप्त हुआ। अति उतम परिपत्राचार में पुष्पा गुप्ता व कविता चौहान को अवार्ड मिला। समारोह में कल्पना बंडी ने अध्यक्ष पुष्पा गुप्ता को मैडल पहना कर सम्मान किया। कल्प शक्ति सेवा सप्ताह का सम्मान (प्रमाण पत्र) डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन क्रमशः ममता सोनी, संगीता सोनी, आरती उपमन्यू, कविता चौहान, पुष्पा गुप्ता को दिया गया व अंत मे हमारी होने वाली डिस्ट्रिक प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण का भी सम्मान किया गया।

फुटबॉल टुर्नामेंट का फाइनल आज

जावरा। शशांक दवे की स्मृति मे दो दिनी फुटबॉल टुर्नामेंट का रोमांचक आयोजन किया।टुर्नामेंट में रतलाम, जावरा, नीमच, निम्बाहेडा की टीम शामील है। पहला मैच रोबर्स रतलाम एवं युनाइटेड जुनियर टीम के बीच खेला गया, जिसमें रतलाम विजय रहा। दुसरा मैच युनियन रतलाम एवं सेंचुरी पवन ट्रेवल्स के बीच खेला गया, युनियन रतलाम एक गोल से विजय रहा। इस मैच में करणी सेना के लखनसिंह, ऋषि राजसिंह, जितेन्द्र शर्मा, सजंयसिंह, रितिराजसिंह, विश्वास शर्मा आदी ने अतिथियो स्वं दवे के पुत्र शिवम दवे, भाई शैलेन्द्र दवे, सत्यम दवे, आईपी द्विवेदी, युनाइटेड फुटबॉल के परामर्शदाता, अध्यक्ष संजय रुनवाल, सचिव धर्मेन्द्रसिंह तोमर, सहसचिव दिनेशसिंह चौहान, कोच अवनर का स्वागत किया। आज रविवार को क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल ओर फाइनल मैच खेला जाएगा। जानकारी नासीर हुसैन ने दी।

कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

जावरा। सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती पुरम पहाडिया रोड के कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं ने आज शैक्षणिक भ्रमण के तहत नायक मोती उत्पादन प्रशिक्षण एवं संरक्षण संस्था नौलखा (सुखेड़ा) का शैक्षणिक भ्रमण किया प्रशिक्षण केंद्र के दिलीप जगदेव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विस्तार से मोती की खेती के बारे में जानकारी दी उन्हें कई तरह से प्रयोग करके भी बताया उन्होंने बताया कि मोती की खेती किस प्रकार उपयोगी रहती है एवं इस प्रकार की खेती के करने से कितना लाभ प्राप्त होता है छात्र छात्राओं ने रुचि पूर्वक उपरोक्त मोती बनाने की प्रक्रिया को समझा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ आचार्य प्रमोद पटेल में हेमंत जोशी भी उपस्थित थे।

अब्दुल ने पैरा यूथ एशियन गेम्स में 3 गोल्ड, 1 ब्रॉन्ज पदक जीता

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर के दिव्यांग तैराक अब्दुल ने दुबई में आयोजित पैरा यूथ एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने

100 मीटर फ्री स्टाइल और 50 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में मिला स्वर्ण पदक

स्पर्धा में 3 गोल्ड और 1 ब्रांज पदक जीता हैं।

शहर के तैराक अब्दुल ने बचपन में एक हादसे में अपने दोनों हाथ गंवा दिए थे। दोनों हाथों में नहीं होने के बाद भी वे अपनी मेहनत और लगत ने आज शहर सहित देश का नाम विदेश में रौशन कर रहे

अब्दुल ने हादसे में गवाए दोनों हाथ

बचपन में एक हादसे में अब्दुल ने अपने दोनों हाथ गंवा दिए थे, लेकिन इस कठिन परिस्थिति को उन्होंने अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। हादसे के बाद तैराकी को अपना लक्ष्य बनाकर अब्दुल ने कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। अब्दुल के पिता की शहर में हार्डवेयर की दुकान है। लगातार अभ्यास और संघर्ष के दम पर अब्दुल आज प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रतलाम का नाम रोशन कर रहे हैं। उनका सपना ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का तिरंगा शान से लहराना है।

हैं। हाल ही में उन्होंने कड़ी स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 पदक प्राप्त किए हैं। परिजनों के अनुसार अब्दुल ने दुबई में आयोजित पैरा यूथ एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 26 देशों के दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जहां अब्दुल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुल 4 पदक अपने नाम किए। अब्दुल ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक, 100 मीटर फ्री स्टाइल और 50 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की, जबकि 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक अपने नाम किया।

कुश्ती प्रतियोगिता के लिए आज मानस भवन में होगा पहलवानों का वजन

नवभारत न्यूज

रतलाम। नगर निगम द्वारा 11 से 21 दिसम्बर तक त्रिवेणी के पावन तट पर आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार

19 को शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता

सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास ने खेल प्रशिक्षकों के साथ खेल स्थलों का निरीक्षण किया।

सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास ने कहा कि कुश्ती व शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता का आयोजन मानस भवन में होना है इस हेतु समस्त तैयारियां समय पूर्व पूर्ण कर ली जाये साथ ही कबड्डी, खो-खो, मलखंभ व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उद्यान में की जाना है इसकी भी समस्त तैयारियां समय पूर्व पूर्ण की जाये ताकि खेल प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक हो सकें।

उन्होने बताया कि 15 से 17 दिसम्बर तक रतलाम महापौर केसरी व उज्जैन संभाग केसरी कुष्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पहलवानों का वजन आज 14 दिसम्बर रविवार को प्रातः 11:00 से दोपहर 02:00 बजे तक मानस भवन में किया जावेगा। उज्जैन संभाग केसरी प्रतियोगिता 5 वजन समुहों में आयोजित हो रही है जिसमें सिर्फ उज्जैन संभाग के पहलवान ही भाग ले पायेंगे। संभाग केसरी के पहलवानों का वजन 16 दिसम्बर को प्रातः 9 से 11 बजे तक मेला ग्राउण्ड स्थित मानस भवन में किया जायेगा। व्यायाम शाला के उस्ताद, खलीफा एवं पहलवानों से अपील है कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निश्चित दिनांक, समय व स्थान पर वजन हेतु उपस्थित रहें।

इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, मलखंभ व वॉलीबॉल प्रतियोगिता 15 से 17 दिसम्बर तक त्रिवेणी मेला परिसर में आयोजित होगी व 19 दिसम्बर को शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता आयोजित की गई है।निरीक्षण के दौरान खेल प्रतियोगिता संरक्षक अशोक जैन (लाला), कुश्ती संयोजक बलवंत भाटी, कबड्डी, खो-खो, मलखंभ, व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता संयोजक अनुज शर्मा आदि उपस्थित थे।

सरकार किसानों को विद्युत बिल में 40 हजार करोड़ की सब्सिडी दे रही

रतलाम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों से चर्चा की।

'सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपलब्धियों बताई

मंत्री श्री शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में अभ्युदय मध्यप्रदेश के विकास और सेवा के 2 वर्ष आज पूर्ण हुए है। इन दो वर्षों में सरकार ने विकास, सुशासन और जनता के कल्याण को नई दिशा दी है। यह अवधि केवल कार्यकाल नहीं, बल्कि परिवर्तन और गति का युग रही है। मुख्यमंत्री ने 'सरल शासन-सुगम शासन' को वास्तविक स्वरूप दिया है। बैठक में प्रभारी मंत्री ने 2 वर्ष की उपलब्धियां पर आधारित पुस्तक एवं फोल्डर के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने पावर पाइंट के माध्यम से सरकार एवं जिले की दो साल की उपलब्धियों की जानकारी दी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि विगत दो वर्षों में रतलाम जिले में धार्मिक, पर्यटन, औद्योगिक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। रतलाम जिले में दिल्ली मुम्बई 8 लाईन एक्सप्रेस वे का कार्य पूर्ण होकर लोकार्पित किया जा चुका है। 48 करोड़ की लागत का 20.57 किमी का रिंगरोड़ (बंजली से मांगरोल फंटा), 21.25 करोड़ की लागत का 16.275 किमी गुणावद-बरबोदना-रघुनाथ गढ़ केरवास-उपलाई-भुतेड़ा मार्ग का निर्माण किया गया। ए.बी.डी. योजना से 89 करोड़ की लागत से 64.53 किमी सड़क का निर्माण किया गया है। नमकीन क्लस्टर में 101 भुखण्ड आवंटित किए गए है, जिसमें 40 करोड़ की लागत से 32 ईकाईया प्रारंभ हो गई है, विद्युत विभाग द्वारा 111 करोड़ के विद्युत विस्तारीकरण एवं क्षमता वृद्धि के 300 ग्रामों मे कार्य करवाऐ गए। जिले में 6 सांदीपनि विद्यालयों में से 2 का निर्माण पूर्ण हो चुका है, 4 प्रगतिरत है, सांदीपनि विनोबा विद्यालय रतलाम टी 4 एजुकेशन संस्था लंदन द्वारा आयोजित वर्ल्ड बेस्ट प्रेक्टिसेस अवार्ड की इनोवेशन केटेगरी मे प्रथम स्थान पर है, इसके लिए जिले को 10000 यूएस डालर का पुरूस्कार प्राप्त हुआ है। वर्ष 2024-25 में हाईस्कूल में 78.4 प्रतिशत, हायर सेकेण्डरी में 79.62 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। इंस्पायर अवार्ड योजना में रतलाम जिला राज्य स्तर पर दूसरे स्थान पर रहा। राजस्व महाअभियान के तीनों चरणों में कुल 4,08,445/- प्रकरणों का निराकरण किया गया। एमपीआरडीसी द्वारा 20 करोड़ की लागत के 9 सड़क का निर्माण किया गया।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक हुई

सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक भी मंत्री ने ली। बैठक में जिपं अध्यक्ष लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी, विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरा लाल डामोर, विधायक जावरा राजेंद्र पाण्डेय, विधायक आलोट चिंतामणी मालवीय, समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय, बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल, शैलेन्द्र डागा, गोविन्द काकानी, कन्हैयालाल पाटीदार, जितेन्द्र सोनी, धर्मेन्द्र जाट पंचेड, प्रवीणसिंह, श्रीमती संगीता चारेल, मोतीलाल निनामा, भूपेन्द्र जायसवाल, डॉ. ओ.पी. जोशी, अमित पाठक, मुकेश बग्गड, मुकेश मोगरा, के.डी बैरागी, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, नरूदीन बोहरा, विप्लव जैन सहित पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, जिला योजना अधिकारी पाटीदार एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कार रोकने की बात को लेकर विवाद और मारपीट

रतलाम। जिले में कार रोकने की बात को लेकर विवाद और मारपीट की मामला सामने आया हैं। बताया जा रहा है कि हुए विवाद में 3 लोगों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ताल थाना क्षेत्र के ग्राम कोटडी में कार को रोकने की बात को लेकर भगवानसिंह पिता सरतानसिंह निवासी ग्राम कोटडी का कमल पिता रामेश्वर प्रजापत ग्राम आक्या का विवाद हो गया। इस दौरान पहले कहासुनी हुई और फिर बात बड़ गई और विवाद हो गया। विवाद में कमल ने पीरुलाल पिता मांगीलाल, अंकित पिता रमेस प्रजापत के साथ मिलकर भगवानसिंह के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

पूर्व विधायक का आरोप प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल

नवभारत न्यूज

सैलाना। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत ने प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। उन्होंने कहा कि ना केवल जिले में बल्कि पूरे प्रदेश में यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ हैं,प्याज सहित अन्य कृषि उपज के दाम कौड़ियों के भाव हो गए हैं,सिंचाई हेतु समय पर पर्याप्त बिजली नहीं, जिले और प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर और इधर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने दो साल के कार्यकाल को सफल बताते हुए खुद की पीठ ही थपथपा रहे हैं।कई बार उनकी खुद की कुर्सी डोलती नजर आती हैं पर वे अपने आप की तारीफ में लगे हैं। बहरहाल गेहलोत ने सारी व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की और कहा कि सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलनात्मक रुख अपनाएगी। बयान में गेहलोत ने प्रदेश सरकार की नाकामी पर जम कर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि इन दिनों सैलाना सहित पूरे प्रदेश में यूरिया खाद के लिए अफरातफरी मची हैं। कई कई दिन के इंतजार के बाद भी किसानों को यूरिया नहीं मिल रही हैं। दिन भर भूखे प्यासे क्यू में लगे किसान हार कर रात को घर चले जाते हैं। किसी को यूरिया मिल पाती हैं किसी को नहीं। किसानों की ये फसल तो बरबाद हो ही चुकी हैं, अगली फसल भी दांव पर लगी हैं। उधर प्याज सहित अन्य कृषि उपजों के दाम लागत निकलने वाले भी नहीं हैं।इतना नुकसान पहले कभी नहीं देखा गया।

अभी तक राहत राशि भी सभी को नहीं मिली

श्री गेहलोत ने बयान में कहा कि किसानों को पूर्व घोषित राहत राशि नहीं मिली हैं। कई किसान राहत राशि ले लिए चक्कर काट रहे हैं। आगामी फसल के लिए खाद की समुचित व्यवस्था नहीं। सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली के भी कोई इंतजाम नहीं हैं। अक्सर बिजली की आबंद चालू होती रहती हैं। बहुत मशक्कत के पश्चात जैसे तैसे किसान सिंचाई कर पाते हैं।

चार साल से स्कॉलरशिप नहीं: गेहलोत ने बयान में ये भी कहा कि प्रदेश के सभी नर्सिंग कॉलेजों में बीते चार साल से छात्रवृत्ति के ठिकाने नहीं हैं। छात्र छात्राओं की पढ़ाई पूरी हो चुकी,पर डिग्री कॉलेजों के पास हैं। स्कॉलरशिप नहीं आई तो विद्यार्थी कॉलेजों की फीस नहीं भर पाए तो कॉलेजों ने मार्कशीट रोक दी। अब रोज़गार के लिए भटक रहे छात्रछात्रा बिना मार्कशीट के कैसे रोजगार पाएंगे।

नवोदय प्रवेश परीक्षा में 56 विद्यार्थी अनुपस्थित

नवभारत न्यूज

आलोट। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें 56 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों का विभिन्न दल ने निरीक्षण भी किया।

नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का आयोजन सांदीपनी विद्यालय, आलोट में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा के लिए कुल 600 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 544 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 56 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा केंद्राध्यक्ष के रूप में सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य फिरोज खान की नियुक्ति की गई थी। आयोजित परीक्षा के दौरान नवोदय विद्यालय समिति की ओर से सीएलओ निर्मला मीणा एवं उमेश कुमार तिवारी द्वारा परीक्षा व्यवस्था की निगरानी की गई।

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण नायब तहसीलदार हेमलता डिंडोर द्वारा किया गया। परीक्षा संचालन में निर्भयसिंह परिहार, पूजा कारपेंटर, शिवांगी मिठौलिया सहित अन्य स्टाफ का सहयोग रहा। परीक्षा पूरी तरह निर्विघ्न एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

सेवा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का लगा

नवभारत न्यूज

जावरा। सेवा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत सतत सेवा कार्य करते हुए लायंस क्लब जावरा द्वारा शनिवार को वार्ड क्रमांक 18 स्थित कमलीपुरा चौक परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ समाजसेवी प्रकाश कोठारी, बाबूलाल खेमेसरा, वरुण श्रोत्रिय, राधेश्याम गेहलोत एवं पुरुषोत्तम धनगर की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने कहा सेवा आपके द्वार अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को सीधे नागरिकों तक पहुचाना है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति समय, दूरी या आर्थिक कारणों से उपचार से वंचित न रहे। लायंस क्लब जावरा सदैव 'मानव सेवा ही सर्वोच्च धर्म' के सिद्धांत पर कार्य करता रहा है। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से अपने उद्बोधन में कहा स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी पहल है। समय-समय पर नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण होने से बीमारियों की रोकथाम आसान होती है। ऐसे जनहितकारी प्रयासों से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है, और लायंस क्लब जावरा तथा संजीवनी फाउंडेशन का यह कार्य वास्तव में सराहनीय एवं अनुकरणीय है। शिविर में दोपहर 2 बजे से दोपहर 4 बजे तक बड़ी संख्या में नागरिकों ने निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच करवाई। वार्ड 18 के रहवासियों के साथ अन्य क्षेत्रों से आए लोगों ने भी शिविर का लाभ उठाया। शिविर के समापन अवसर पर वार्ड पार्षद कन्हैयालाल हाड़ा ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों, लायंस क्लब के सदस्यों तथा उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

लोक अदालत **95,54,250 की राशि सहित 208 प्रकरणों का किया निराकरण**

पति-पत्नि समझाने पर माने, पौधे दे खुशी-खुशी भेजा

नवभारत न्यूज

जावरा। नेशनल लोक अदालत शनिवार को आयोजित हुआ। द्वितीय जिला न्यायाधीश परमानन्द चौहान खण्डपीठ क्रमांक 26 में अलग-अलग निवास कर रहे पति-पत्नी के मध्य विवाद न्यायालय में लंबित कुल 7 हिन्दु-विवाह अधिनियम के प्रकरणों में सहमति से राजीनामा कराकर प्रकरणों का निराकरण कर 7 पति-पत्नि व परिवारजनों को दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाओं के साथ पौधे देकर खुशी-खुशी घर भेजा।

नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ क्रमांक 26 में रखे गये प्रकरणों में 1 प्रकरण जिसमें पति मोहित पिता संजय दायमा 28 वर्ष निवासी महावीर कॉम्पलेक्स का विवाह रीना पति मोहित दायमा 28 वर्ष निवासी उपरलीटोली आलोट के साथ हिन्दु रीति-रिवाज के साथ दिनांक 22 जनवरी 2022 को हुआ था। विवाह के कुछ समय पश्चात अनावेदिका द्वारा एक पुत्री को जन्म दिया। अनावेदिका अपनी स्वेच्छा से आपसी सहमति से अलग निवास करने लगी। फिर कुछ समय बाद अनावेदिका को अपने माता-पिता के समझाईश के बाद पुनः आवेदक पति के साथ निवास करने लगी, किन्तु थोड़े समय बाद पुनः अलग निवास करने लगी। जिस कारण आवेदक पति अकारण अपने पत्नि सुख से वंचित होकर वह मानसिक रूप से काफी परेशान व व्यथित रहने लगा। उक्त परिस्थितियों से व्यथित होकर आवेदक पति ने न्यायालय में दामपत्य जीवन की पुर्नस्थापना हेतु न्यायालय में प्रकरण पेश किया। न्यायालय ने पति-पत्नि को विवाद के निपटारे के लिए बार-बार समझाया और उनके परिवार जनो को भी विवाद को खत्म करने को कहा और पति-पत्नि के मध्य उत्पन्न विवाद की समस्या को छोड़कर, विवाद को खत्म करने और साथ में रहने की सलाह दी। दोनों पक्ष के मध्य द्वितीय जिला न्यायाधीश परमानन्द चौहान के आपसी सहमति से राजीनामा करवाया इस अवसर पर न्यायालय स्टाफ रीडर सुश्री नेहा भार्गव, सुश्री रेखा सोंलकी, अभिषेक शर्मा, पुष्पेन्द्र कुशवाह, राजकुमार, पुखराज सोनगरा, अर्पित चत्तर सहित तहसील विधिक सेवा समिति जावरा स्टॉफ उपस्थित रहा। लोक अदालत में राशि 95,54,250/- रूपये की राशि सहित 208 प्रकरणों का निराकरण कर 455 को लाभांवित एवं बैंक, बीमा कंपनी, विद्युत अधिनियम, नगर पालिका के जलकर व संपत्तिकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरण (वादपूर्व) कुल 178 प्रकरण का निराकरण कर राशि 8,60,160 रूपये की राशि की बसूली की गयी।